CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 335 ▫ रायपुर, रविवार 29 दिसम्बर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## दक्षिण कोरिया के मुआन इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे पर फिसला विमान, 179 की मौत



**नई दिल्ली,** 29 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। दक्षिण कोरिया में हुए भीषण विमान हादसे को लेकर एयरलाइंस जेजू एयर के सीईओ ने माफी मांगी है। कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर ये माफी पोस्ट की गई है। जेजू एयर के सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) किम ई-बे ने मुआन हवाई अड्डे पर हुई दुर्घटना के लिए माफी मांगी। उन्होंने कहा कि दुर्घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। हम भी संबंधित सरकारी एजेंसी की जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।

किम ई-बे ने माफीनामे में लिखा कि %सबसे पहले, हम उन सभी लोगों से माफी मांगते हैं जिन्होंने जेजू एयर पर भरोसा किया। 29 दिसंबर को सुबह लगभग 9.03 बजे, बैंकॉक से मुआन जाने वाली फ्लाइट 7C2216 में मुआन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय आग लग गई। हम इस दुर्घटना में अपनी जान गंवाने वाले यात्रियों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और माफी मांगते हैं। दुर्घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं है, और हमें जांच रिपोर्ट का इंतजार करना चाहिए।

### विमान में 181 सवार थे

### जेजू एयर के सीईओ ने हादसे के लिए मांगी माफी

कारण चाहे जो भी हो, सीईओ के रूप में, मैं इस घटना के लिए गहरी जिम्मेदारी महसूस करता हूं। जेजू एयर इस दुर्घटना को तुरंत संभालने और उसमें सवार लोगों के परिवारों का समर्थन करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा। हम सरकार के साथ मिलकर दुर्घटना के कारण का पता लगाने की पूरी कोशिश करेंगे। एक बार फिर हम इस दुर्घटना में अपनी जान गंवाने वालों के लिए प्रार्थना करते हैं और उनके शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी क्षमा याचना करते हैं।

## छत्तीसगढ़ में हो रही थी तेंदुए-भालू के खाल और हाथी दांत की तस्करी, 5 तस्कर चढ़े उड़नदस्ता टीम के हत्थे



**बलरामपुर,** 29 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। बलरामपुर जिले के रामानुजगंज वन परिक्षेत्र में तेंदुआ और भालू के खाल और मांस की अवैध बिक्री करने वाले दो आरोपियों को उड़ानदस्ता टीम ने गिरफ्तार किया है. इसके अलावा वाड्रफनगर वन परिक्षेत्र में हाथी दांत की बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहे तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के अनुसार, बलरामपुर वन मंडल के विभिन्न क्षेत्रों से वन्य प्राणियों के खाल और हाथी दांत की तस्करी की शिकायतें लगातार मिल रही थीं. इसके बाद सरगुजा उड़नदस्ता टीम ने क्षेत्र में दबिश दी और वाड्रफनगर वन परिक्षेत्र में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया, जो हाथी दांत की बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहे थे।

वहीं रामानुजगंज वन परिक्षेत्र में भी उड़नदस्ता टीम ने तेंदुआ और भालू के चमड़े और मांस की अवैध बिक्री में लिप्त दो आरोपियों को पल्सर और स्कूटी वाहनों के साथ पकड़ा. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनिल कुमार (रहवासी बभनी, जिला सोनभद्र, उत्तर प्रदेश) और रामबचन (रहवासी पुरानीडीह, रामानुजगंज) के रूप में हुई है. उड़नदस्ता टीम ने आरोपी तस्कर अनिल कुमार से पल्सर वाहन क्रमांक पी64एडी0806 और रामबचन से स्कूटी क्रमांक सीजी 30 ई1027 को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### ब्रेकिंग न्यूज

## महाकुंभ 2025 में पहली बार होगा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल, मन की बात में बोले : मोदी



**नई दिल्ली,** 29 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में महाकुंभ का जिक्र किया। उन्होंने महाकुंभ को एकता का महाकुंभ बताया। साथ ही उन्होंने लोगों से इस आगामी भव्य धार्मिक समागम से समाज से नफरत और विभाजन को खत्म करने के संकल्प के साथ लौटने का आग्रह किया। पीएम मोदी ने यह भी बताया कि पहली बार महाकुंभ में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल होगा। इसके अलावा पीएम ने सविधान का भी जिक्र किया और कहा कि यह समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। महाकुंभ का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, महाकुंभ की विशेषता केवल इसकी विशालता में ही नहीं है, कुंभ की विशेषता इसकी विविधता में भी है। इस आयोजन में करोड़ों लोग एक साथ एकत्रित होते हैं। लाखों संत, हजारों परम्पराएं, सैकड़ों संप्रदाय, अनेकों अखाड़े, हर कोई इस आयोजन का हिस्सा बनता है। कहीं कोई भेदभाव नहीं दिखता है, कोई बड़ा नहीं होता है, कोई छोटा नहीं होता है। अनेकता में एकता का ऐसा दृश्य विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलेगा। संविधान समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है-'मन की बात' में पीएम मोदी ने कहा, 2025 में 26 जनवरी को हमारे संविधान को लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहे हैं। हम सभी के लिए बहुत गौरव की बात है। हमारे संविधान निर्माताओं ने हमें जो संविधान सौंपा है, वो समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। संविधान हमारे लिए गाइडिंग लाइट है, हमारा मार्गदर्शक है। विपक्षी दल केंद्र सरकार पर संविधान को कमजोर करने का अक्सर आरोप लगाते रहे हैं, जिसका सत्तारूढ़ दल ने जोरदार खंडन किया है। मोदी ने संवैधानिक मूल्यों एवं भावना को मजबूत करने के अपनी सरकार के प्रयासों का कई बार जिक्र किया है और मुख्य विपक्षी कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि जब भी वह सत्ता में रही, उसने संविधान को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया।

## दिल्ली में ऑपरेशन लोटस चला रही भाजपा : केजरीवाल



नई दिल्ली, 29 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। आम आदमी पाटी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। केजरीवाल ने भाजपा पर दिल्ली में मतदाता सूचियों से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम को ऑपरेशन लोटस का नाम दिया और दावा किया कि भाजपा आगामी विधानसभा चुनावों को प्रभावित करने के लिए 15 दिसंबर से ही इस ऑपरेशन को चला रही है। रविवार (29 दिसंबर) को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए केजरीवाल ने दावा किया, भाजपा ने दिल्ली में अपनी हार पहले ही स्वीकार कर ली है। उनके पास न तो मुख्यमंत्री पद का कोई चेहरा है, न ही कोई विजन और न ही कोई विश्वसनीय उम्मीदवार है।

## सिलतरा फैक्ट्री में क्रेन गिरा, 2 मजदूरों की मौत




**रायपुर,** 29 दिसंबर (हाईवे चैनल)। रायपुर स्थित सिलतरा से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां हिंदुस्तान कॉइल लिमिटेड फैक्ट्री में बड़ा हादसा हो गया। यहां क्रेन गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई है। क्रेन गिरने से ऑपरेटर जितेंद्र श्रीवास और सोनू राय नामक दोनों ऑपरेटर के शव हजारों टन लोहे में दब गए। जिससे दोनों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, घटना हिंदुस्तान कॉइल्स लिमिटेड नामक फैक्ट्री की है। बताया जा रहा है कि रात को हुआ है। घटना के बाद मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम और पुलिस प्रशासन ने मलबा हटाने में जुटे। इधर घटना को लेकर मृतक के परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप है कि उन्हें प्रबंधन द्वारा दोनों की मौत की सूचना नहीं दी गई, बल्कि साथी कर्मचारियों ने हादसे की सूचना दी। रात 2:00 बजे तक परिजनों को मृतकों को देखने नहीं दिया गया। देर रात तक मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम फैक्ट्री कर्मचारियों के साथ मलवा हटाने में जुटी थी। ष्ट्ह्यश्च अमन झा ने बताया कि हादसा किस कारण से हुआ या जांच का विषय है। दो लोगों की मौत हुई है। इधर पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## फर्जी आधार कार्ड के साथ अवैध रूप से रह रहे 13 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार



**नई दिल्ली**, 29 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। अधिकारी ने कहा कि ये बांग्लादेशी नागरिक जाली दस्तावेजों का उपयोग करके आधार कार्ड जैसे भारतीय दस्तावेज प्राप्त करने में कामयाब रहे थे। आरोपी भोकरदन तालुका में क्रशर मशीनों पर काम कर रहे थे। एटीएस और स्थानीय पुलिस के संयुक्त अभियान में इन्हें अनवा और कुंभारी गांवों से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि वे पिछले दो साल से अवैध रूप से रह रहे थे। नवी मुंबई पुलिस ने भारत में अवैध रूप से रहने के आरोप में आठ महिलाओं और दो पुरुषों सहित दस बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई अपराध शाखा की मानव तस्करी विरोधी इकाई द्वारा सप्ताहांत में वाशी और खारघर इलाकों में की गई छापेमारी के बाद की गई।

महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने और वैध दस्तावेजों के बिना रहने के आरोप में छह महिलाओं सहित 13 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि ये गिरफ्तारियां बांग्लादेशी अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई के लिए एटीएस द्वारा शुरू किए गए एक विशेष अभियान के दौरान की गईं। यह पाया गया कि बांग्लादेशी नागरिकों ने देश में रहने के लिए अपने आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज जाली बनाए थे। पिछले 24 घंटों में नवी मुंबई, ठाणे और शोलापुर में पुलिस की मदद से कार्रवाई की गई. हमने सात पुरुषों और छह महिलाओं को गिरफ्तार किया। उन पर विदेशी अधिनियम और अन्य संबंधित कानूनों के तहत तीन मामले दर्ज किए गए हैं।

अधिकारी ने कहा कि ये बांग्लादेशी नागरिक जाली दस्तावेजों का उपयोग करके आधार कार्ड जैसे भारतीय दस्तावेज प्राप्त करने में कामयाब रहे थे। आरोपी भोकरदन तालुका में क्रशर मशीनों पर काम कर रहे थे। एटीएस और स्थानीय पुलिस के संयुक्त अभियान में इन्हें अनवा और कुंभारी गांवों से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि वे पिछले दो साल से अवैध रूप से रह रहे थे। नवी मुंबई पुलिस ने भारत में अवैध रूप से रहने के आरोप में आठ महिलाओं और दो पुरुषों सहित दस बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई अपराध शाखा की मानव तस्करी विरोधी इकाई द्वारा सप्ताहांत में वाशी और खारघर इलाकों में की गई छापेमारी के बाद की गई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि बांग्लादेशी पुरुष आमतौर पर मजदूर के रूप में काम करते हैं जबकि महिलाएं घरेलू सहायिका के रूप में काम करती हैं। एक अधिकारी ने कहा कि गिरफ्तार बांग्लादेशी पुरुष और महिलाएं 2023 से अवैध रूप से भारत में रह रहे हैं। वे भारतीय नागरिकता या यात्रा दस्तावेज़ का कोई सबूत पेश करने में विफल रहे।

## राजनीति से प्रेरित ईडी का छापा: कवासी



**रायपुर,** 29 दिसंबर (हाईवे चैनल)। कवासी लखमा ने मीडिया से कहा, श्वष्ठ के अधिकारी बेटे और मेरा मोबाइल अपने साथ ले गए हैं। उन्होंने मेरे से शराब घोटाले के बारे में पूछताछ की। दरअसल छत्तीसगढ़ के चर्चित 2000 करोड़ के शराब घोटाला केस में श्वष्ठ ने शनिवार को 5 जगहों पर 15 घंटे तक छापेमारी की। इसमें पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, बेटे हरीश लखमा और उनसे जुड़े लोगों के ठिकाने पर रेड हुई। श्वष्ठ ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं, कवासी और उनके बेटे समेत कुछ लोगों को समन जारी किया है।

छापेमारी के दूसरे दिन कवासी लखमा ने कहा कि सोमवार को उन्हें और उनके बेटे को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। श्वष्ठ का छापा राजनीति से प्रेरित है। विधानसभा में मैं बड़ा घोटाले को उजागर किया था, इसलिए छापा मारा गया है। चुनाव को देखते हुए भाजपा बदनाम करने की राजनीति कर रही है। मेरे घर से एक कागज तक नहीं मिला है। वहीं लखमा ने कहा कि मैं अनपढ़ हूं। अधिकारियों ने गड़बड़ी की है। एपी त्रिपाठी जैसे अधिकारियों ने मुझको अंधेरे में रखा। अधिकारी जो दस्तखत लेकर आते थे, उस पर मैं सिर्फ दस्तखत करता था। अधिकारी ही कागज को पढ़ते लिखते थे।

## कार और ट्रक में भिड़ंत, डोर लॉक होने से जिंदा जल गए दो युवक




**कोरबा,** 29 दिसंबर (हाईवे चैनल)। जिले के अंबिकापुर कटघोरा नेशनल हाईवे में शनिवार रात सड़क हादसे के बाद जलते कार में फंसकर दो युवक जिंदा जल गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद शव को कार से निकाला है। पुलिस ने आगे की कार्रवाई के लिए दोनों शवों को अपने पास सुरक्षित रखा है। पुलिस के मुताबिक, मृतकों में केदारपुर अंबिकापुर का निवासी शिवम सिंह और उसका दोस्त विकास लकड़ा शामिल हैं।

अंबिकापुर कटघोरा नेशनल हाईवे में शनिवार रात चोटिया टोल प्लाजा के पास कार और ट्रक के बीच भिड़ंत हो गई। इस हादसे के बाद कार के उपर ट्रक पलट गया और कार का दरवाजा लॉक हो गया। इस बीच कार को आग की लपटों ने अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान दोनों युवक कार का दरवाजा खिड़की खोलने का प्रयास करते रहे, लेकिन वह कार से बाहर नहीं आ सके, अंत में कार के भीतर ही जिंदा जलने से उनकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि दोनों के शव की डीएनए जांच कराई जाएगी। शव की पहचान होने पर अंतिम संस्कार के लिए कानूनी कार्रवाई पूरी कर शव परिवार को सौंपा जाएगा।

## नक्सल प्रभावित व वनाचंल क्षेत्रों में डिजिटल इंडिया योजना का है बुरा हाल





**धमतरी,** 29 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। जिले के नक्सल प्रभावित और वनाचंल क्षेत्र में भी कई ऐसे क्षेत्र है जहां आज भी लोग शहरी सुविधाओं से दूर सालों पुराने समय में जीवन जी रहे है। आज जमाना 5जी का है, लेकिन जिले के कुछ ऐसे गांव भी है जहां 5 जी और इंटरनेट तो दूर की बात कॉल कनेक्टिविटी की समस्या का भी सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में केन्द्र सरकार के डिजिटल इंडिया योजना का यहां बुरा हाल है।

ज्ञात हो कि धमतरी जिले के नगरी सिहावा क्षेत्र के कई गांव ऐसे है जहां मोबाईल नेटवर्क या नही है और यदि है तो बमुश्किल कॉल लग पाता है। कॉल लग भी जाये तो ठीक से बात नहीं नहीं हो पाता, इसे ग्रामीणों को कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इंटरनेट, नेटवर्क के कारण यहां बच्चे आनलाईन शिक्षा ग्रहण करने से वंचित रहते है। कोरोना काल के दौरान भी जब स्कूले बंद रही शिक्षा आनलाईन दी जा रही थी तो यहां के बच्चें शिक्षा अर्जित नहीं कर पाये। वर्तमान दौर में इंटरनेट के माध्यम से देश दुनिया से मोबाईल पर ही कनेक्ट हो सकते है। लेकिन इन सुविधा का लाभ भी इन्हें नहीं मिल पा रहा है। शिक्षा के अतिरिक्त बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें भी प्रभावित हुई है। जब कभी कोई आपातकालीन स्थिति उत्पन्न हो जाती है तो नेटवर्क की कमी के कारण एम्बुलेंस को बुलाया नहीं जा सकता। और यदि किसी प्रकार सम्पर्क हो भी जाये तो घोर पिछड़ा इलाका होने के कारण घंटो के इंतजार करना पड़ता है। बता दे कि जिले के आरमुड़ा, नयापारा, सांकरा, लिटीपारा चिवर्री, करौहा, सांरगपुरी, कुकरीकोन्हा, कुम्हाड़ाकोट, खैरभर्री, बगरुमनाला, बिटलीगपारा, गोंदलानाला, आदि कई गांव है। जहां मोबाईल नेटवर्क नहीं बताता। सालों से ग्रामीण इस क्षेत्र में मोबाईल टावर लगाने की मांग करते रहे है। लेकिन अभी तक कई गांवो में समस्या जस की तस है। यहां तक नक्सल मोर्चो पर तैनात जवानों व सीतानदी अभरण्य क्षेत्रो के ग्रामीण को भी कमजोर कनेक्टिविटी की समस्या से जूझना पड़ता है।

### नेटवर्क की समस्या से शिक्षा, स्वास्थ्य अन्य इमरजेंसी सुविधाओं का बेहतर तरीके से नहीं मिल पा रहा लाभ

### 5-जी के जमाने में इंटरनेट तो दूर कॉल कनेक्टिविटी के लिए भी जूझ रहे हजारों लोग

### आनलाईन फार्म जमा करने, अन्य कार्यो के लिए आना पड़ता है ब्लाक मुख्यालय

बता दे कि नगरी ब्लाक मुख्यालय से कई गांवो की दूरी कई किमी तक है। ऐसे में लंबी दूरी तय करके उन्हें आनलाईन फार्म जमा करने या अन्य शासकीय योजनाओं के लिए फार्म भरने आना पड़ता है। ऐसे में ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है। कुछ गांव ऐसे है जहां तक न तो कोई बस चलती है न कोई अन्य परिवहन के साधन, पगडंडी रास्तों से गुजर कर ग्रामीणों घंटो के सफर के बाद ब्लाक मुख्यालय पहुंचते है नेटवर्क के साथ ही यह क्षेत्र विकास में भी पिछड़ा हुआ है। सड़क नाली, पानी स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरुरतों से भी लोग जूझ रहे है। शासन-प्रशासन द्वारा इन क्षेत्रो का विकास का प्रयास तो किया जा रहा है, लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली है।

CMYK